निबंधन संख्या पी0टी0-40

# बिहार गजट
## असाधारण अंक
## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

28 आषाढ़ 1946 (श0)
(सं0 पटना 643) पटना, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024

सामान्य प्रशासन विभाग

आदेश
25 जून 2024

सं० 3/एम0–22/2023 सा0प्र0 9871—राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में सेवानिवृत्त एवं भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों की सेवायें संविदा के आधार पर लिए जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 द्वारा प्रक्रिया निर्धारित है। उक्त संकल्प के साथ संलग्न अनुसूची में सम्मिलित पदों पर ही संकल्प के प्रावधानों के तहत सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का संविदा के आधार पर नियोजन किया जा सकता है।

2. संकल्प की कंडिका–3(1) के प्रावधान के तहत सम्यक विचारोपरांत निम्नांकित पद को उपर्युक्त संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 की अनुसूची में सम्मिलित किया जाता है–

| क्र. सं. | विभाग का नाम | संकल्प संख्या–10000 दिनांक–10.07.2015 अनुसूची में सम्मिलित किये जाने वाले प्रस्तावित पद |
|---|---|---|
| 1. | अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के–<br>(i) प्रधानाध्यापक/प्राचार्य;<br>(ii) उच्च माध्यमिक शिक्षक (10+2) (प्रशिक्षित);<br>(iii) माध्यमिक शिक्षक (प्रशिक्षित);<br>(iv) पुस्तकालयाध्यक्ष;<br>(v) विद्यालय सहायक;<br>(vi) विद्यालय परिचारी। |
| 2. | पथ निर्माण विभाग | (i) सहायक अभियंता (असैनिक); एवं<br>(ii) कनीय अभियंता (असैनिक)। |
| 3. | शिक्षा विभाग | राजकीय महिला महाविद्यालय के–<br>(i) सहायक प्राध्यापक; एवं<br>(ii) सह प्राध्यापक। |
| 4. | जल संसाधन विभाग | (i) सांख्यिकी पदाधिकारी। |
| 5. | खेल विभाग | बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के–<br>(i) लेखा पदाधिकारी;<br>(ii) रोकड़पाल। |

3. उपरोक्त पद पर सेवानिवृत्त सरकारी सेवक के संविदा नियोजन हेतु संकल्प ज्ञापांक--10000 दिनांक--10.07.2015 में निहित शर्त्त एवं प्रक्रिया लागू रहेंगी एवं इस पद पर सेवा लेने के संबंध में प्रशासी विभाग द्वारा ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आदेश से,
**गुफरान अहमद,**
सरकार के संयुक्त सचिव।

**अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,**
**बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।**
**बिहार गजट (असाधारण) 643-571+10-डी0टी0पी0**
**Website: http://egazette.bih.nic.in**